ऊर्जा दक्षता ब्यूरो
(भारत सरकार, विद्युत मंत्रालय)
**BUREAU OF ENERGY EFFICIENCY**
(Government of India, Ministry of Power)

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

सं. 02/32/विज्ञा./निदे./प्रशा.-2020 दिनांक: 24 मार्च, 2021

सेवा में

भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/ विभागों के सचिव।
(नीति आयोग, नई दिल्ली सहित)।

**विषय: बीईई में प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि संविदा सहित) के आधार पर निदेशक का एक पद भरने के संबंध में।**

महोदय,

विद्युत मंत्रालय के अधीन ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई), जो एक सांविधिक निकाय है, को विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय उन्नत ऊर्जा दक्षता मिशन (एनएमईईई) के तहत मिशन निदेशालय के रूप में नामित किया गया है। योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए, बीईई वेतन मैट्रिक्स के लेवल-13 (रु.123100-215900) में परियोजना के लिए स्वीकृत निदेशक के एक (01) पद के लिए प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि संविदा सहित) के आधार पर आवेदन आमंत्रित करता है।

2. पद का कार्य विवरण निम्न प्रकार है:

"ऊर्जा के कुशल उपयोग और उसके संरक्षण के लिए नीतिगत शोध और नीति तैयार करना, देश में ऊर्जा लेखा-परीक्षा/ ऊर्जा प्रबंधन क्षमताओं को सुदृढ़ करना, एनएमईईई योजना सहित ऊर्जा दक्षता कार्यक्रमों के कार्यान्वयन करना, उद्योग, बिजली उत्पादन, ट्रांसमिशन और वितरण में बेंचमार्क ऊर्जा खपत, ऊर्जा दक्षता प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देना, उपकरणों के लिए डिजाइन तथा मानक और लेबलिंग कार्यक्रम को लागू करना, ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता (ईसीबीसी) तैयार करने में सहायता करना और राज्य प्राधिकारियों के साथ कार्यान्वयन में समन्वय करना, स्कूली बच्चों में जागरूकता बढ़ाना और कार्यक्रमों को लागू करना, कार्य-निष्पादन संविदा का विकास करना और ऊर्जा सेवा कंपनियों (ईएससीओ) को बढ़ावा देना, उद्योगों और वाणिज्य में ऊर्जा दक्षता को अपनाने के लिए नया वित्तीय तंत्र विकसित करना।"



चौथा तल, सेवा भवन, आर० के० पुरम, नई दिल्ली–110 066, वेबसाईट / Website : www.beeindia.gov.in
4th Floor, Sewa Bhawan, R.K. Puram, New Delhi-110 066 टेली / Tel.: 91 (11) 26766700, फैक्स / Fax: 91 (11) 26178352

निदेशक राष्ट्रीय उन्नत ऊर्जा दक्षता मिशन (एनएमईईई) के कार्यकलापों के समग्र कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार होते हैं। एनएमईईई की प्रगति की निगरानी मंत्रालय द्वारा मासिक आधार पर दो रिपोर्टिंग प्रणालियों अर्थात् मंत्रालय की कार्य-योजना और ई-समीक्षा के माध्यम से की जाती है। तिमाही प्रगति की निगरानी पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा की जाती है और इसकी सूचना पीएमओ को दी जाती है। पीएमओ अपनी जलवायु परिवर्तन संबंधी कार्यकारी समिति (ईसीसीसी) द्वारा नियमित रूप से एनएपीसीसीसी के तहत अन्य मिशनों के साथ इस मिशन की प्रगति की निगरानी करता है। प्रधानमंत्री अपनी बैठकों में प्रधानमंत्री जलवायु परिवर्तन परिषद (पीएमसीसीसी) के माध्यम से मिशन की निगरानी करते हैं।

इन गतिविधियों में यह परिकल्पना की गई थी कि 2030 तक इसमें 5000 से अधिक उद्योगों को शामिल किया जाएगा और ऊर्जा दक्षता में 50 अरब रुपए का निवेश किया जाएगा तथा पीएटी योजना उनके लिए उत्प्रेरक का काम करेगी। एसईईपी, बीएलवाई, एफईईईडी और ईईएफपी जैसी अन्य पहलों को भी निदेशकों द्वारा देखा जाता है। वे विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर एनएमईईई कार्यक्रमों और ई ई में इसके योगदान को भी प्रदर्शित कर रहे हैं।

3. निदेशक के पद को प्रतिनियुक्ति पर भरने के लिए पात्रता मानदंड निम्नानुसार है:

(क) केंद्र सरकार या राज्य सरकार या केंद्र शासित प्रदेशों या विश्वविद्यालयों या सरकारी अनुसंधान संस्थानों या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या सरकारी संगठनों या सांविधिक निकायों के अधिकारी:-

(i) मूल संवर्ग में नियमित आधार पर सदृश पद धारित हों; या

(ii) वेतन मैट्रिक्स के लेवल-12 (रु.78800-209200) के पद पर पांच साल की नियमित सेवा की हो (संशोधन-पूर्व वेतन-बैंड 3; रु.7600 के ग्रेड-पे सहित रु.15600-39100); या

(iii) वेतन मैट्रिक्स के लेवल-11 (रु. 67700-208700) में दस वर्ष की नियमित सेवा (पूर्व संशोधित वेतन बैंड 3; रु.6600 के ग्रेड-वेतन सहित रु.15600-39100); तथा

(ख) निम्नलिखित शैक्षिक अर्हता और अनुभव रखते हों:

**अनिवार्य:**

(1) किसी मान्यता-प्राप्त विश्वविद्यालय से भौतिकी या रसायन विज्ञान या ऊर्जा योजना और अर्थशास्त्र में मास्टर डिग्री; या किसी मान्यता-प्राप्त विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री;

(2) वेतन मैट्रिक्स के लेवल-12 (रु.78800-209200) के समूह 'क' पद पर पांच वर्ष का अनुभव (संशोधन-पूर्व वेतन बैंड - 3; रु.7600/- के ग्रेड वेतन सहित रु.15600-39100); या

(3) वेतन मैट्रिक्स के लेवल-11 (रु.67,700-2,08,700) के समूह 'क' पद पर दस वर्ष का अनुभव (संशोधन-पूर्व वेतन बैंड - 3; रु.6600/- या समकक्ष ग्रेड-वेतन सहित रु.15600-39100 या सरकारी विभागों में समकक्ष); या

(4) अनुसंधान संस्थानों, सरकारी विभागों या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, या स्वायत्त निकाय या किसी सांविधिक निकाय या किसी औद्योगिक या विकास या डिजाइन संगठन में निम्नलिखित से संबंधित नीतियों या कार्यक्रमों के निर्माण या उनके कार्यान्वयन में अर्हता के पश्चात् कम से कम पंद्रह वर्ष का अनुभव:

(क) ऊर्जा और इसके संरक्षण का कुशल उपयोग;
(ख) ऊर्जा लेखा-परीक्षा या ऊर्जा प्रबंधन क्षमताओं को सुदृढ़ करना;
(ग) औद्योगिक या वाणिज्यिक संगठन में ऊर्जा खपत की बेंच मार्किंग;
(घ) उपकरणों या यंत्रों के लिए मानक और लेबलिंग कार्यक्रम;
(ड.) विकास या संवर्धन या ऊर्जा सेवा कंपनियों के साथ काम करना;
(च) औद्योगिक वाणिज्यिक प्रतिष्ठान या संगठनों में ऊर्जा दक्षता को अपनाने के लिए नई वित्तीय प्रणाली।

**टिप्पणी** - यदि उम्मीदवार योग्य हों तो केंद्र सरकार के विवेक पर अर्हता में छूट दी जा सकती है।

**वांछित:**

(i) किसी मान्यता-प्राप्त विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र या ऊर्जा योजना और अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की डिग्री; या

किसी मान्यता-प्राप्त विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग या व्यवसाय प्रबंधन/ प्रशासन या औद्योगिक या प्रणाली प्रबंधन में मास्टर डिग्री;

(ii) ऊर्जा संरक्षण अधिनियम 2001 (2001 का 52) के प्रावधानों के तहत राष्ट्रीय परीक्षा के आधार पर मान्यता-प्राप्त ऊर्जा लेखा-परीक्षक के रूप में ऊर्जा प्रबंधक या ऊर्जा लेखा-परीक्षक या मान्यता के रूप में एक प्रमाण-पत्र हो।

(iii) ऊर्जा के क्षेत्र में और देश में ऊर्जा दक्षता और इसके संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय ऊर्जा समस्याओं और सरकार की नीतियों का समग्र परिप्रेक्ष्य।

4. आवेदन के प्राप्त होने की अंतिम तारीख को प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

5. प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित किसी अन्य बाह्य-संवर्ग पद में प्रतिनियुक्ति की अवधि इस नियुक्ति से तत्काल पूर्व उसी या किसी अन्य संगठन या केंद्र सरकार के विभाग में सामान्यतया पांच वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

6. प्रतिनियुक्ति या अल्पकालिक अनुबंध की अवधि सामान्यत: पांच वर्ष से अधिक नहीं होगी और संतोषजनक रूप से 3 वर्ष पूरे होने पर, अधिकारी, ब्यूरो में आमेलन हेतु विचार किए जाने के लिए पात्र होगा।

7. प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के लिए चुने गए अधिकारी समय-समय पर भारत सरकार द्वारा इस संबंध में जारी मौजूदा निर्देशों के अनुसार वेतन/ प्रतिनियुक्ति (शुल्क) भत्ता पाने के पात्र होंगे।

8. पात्र और इच्छुक अधिकारी उचित माध्यम से प्रोफार्मा (**अनुबंध-II**) में अपने आवेदन भेजें ताकि वे सचिव का कार्यालय, ऊर्जा दक्षता ब्यूरो, चौथा तल, सेवा भवन, आर.के. पुरम, नई दिल्ली- 110066 में रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 45 दिन के भीतर पहुंच जाएं।

9. आवेदन को अग्रेषित करते समय, नियंत्रक प्राधिकारी कृपया यह सुनिश्चित करें कि उम्मीदवारों के विवरणों को सत्यापित किया गया है और वे पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं। आवेदन को अद्यतन एसीआर डोसियर (समूह'क' अधिकारी द्वारा विधिवत प्रमाणित फोटोप्रतियों), सतर्कता अनापत्ति और विगत दस वर्षों के दौरान आवेदक पर लगाए गए मामूली/ बड़ी शास्ति के विवरण सहित अग्रेषित किया जाना चाहिए। इन दस्तावेजों के बिना प्राप्त या निर्धारित प्रारूप में नहीं पाए गए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

10. ब्यूरो को किसी/ सभी आवेदकों के आवेदन को रद्द करने या प्रशासनिक कारणों से किसी भी स्तर पर चयन प्रक्रिया को रद्द करने का पूरा अधिकार है।

भवदीय,

**(आर.के. राय)**
सचिव
दूरभाष: 26766704

अनुलग्नकों सहित प्रतिलिपि निम्नलिखित को आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रेषित की जाती है:

1. अध्यक्ष, सीईए/ डीवीसी/ बीबीएमसी/ सीईआरसी।
2. महानिदेशक, एनपीटीआई/ सीपीआरआई
3. एनटीपीसी/ एनएचपीसी/ पीएफसी/ आरईसी/ टीएचडीसी/ पीजीसीआईएल/ पोस्को/ एसजेवीएनएल/ नीपको के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक।
4. सलाहकार (आईटी), बीईई - बीईई की वेबसाइट पर पोस्ट करने के लिए।

**(आर.के. राय)**
सचिव
दूरभाष: 26766704

**अनुलग्नक-II**

# बायोडेटा का प्रपत्र

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | नाम और पता (स्पष्ट अक्षरों में) | | |
| 2. | जन्म तिथि (ईसवी सन में) | | |
| 3. | केन्द्रीय / राज्य सरकार के नियमों के तहत सेवानिवृत्ति की तारीख | | |
| 4. | शैक्षिक योग्यता | | |
| 5. | क्या पद के लिए आवश्यक शैक्षिक योग्यता और अन्य योग्यताएं पूरी करते हैं। (यदि किसी योग्यता को नियमों में निर्धारित के बराबर माना गया है, तो उसके लिए प्राधिकार बताएं) | अपेक्षित योग्यता / अनुभव | अधिकारी के पास योग्यता / अनुभव |
| | | <u>अनिवार्य :</u><br>(1)<br>(2)<br>(3)<br><br><u>वांछित :</u><br>(1)<br>(2) | |
| 6. | कृपया स्पष्ट रूप से बताएं कि क्या आपके द्वारा की गई उपरोक्त प्रविष्टियों के आलोक में, आप पद की आवश्यकता को पूरा करते हैं | | |

| 7. | रोजगार का विवरण, कालानुक्रमिक क्रम में। यदि नीचे का स्थान अपर्याप्त है, तो आपके हस्ताक्षर द्वारा विधिवत प्रमाणित एक अलग शीट संलग्न करें। |
|---|---|

| **कार्यालय / संस्थान** | **धारित पद** | **से** | **तक** | **वेतन मैट्रिक्स में वेतनमान / स्तर और मूल वेतन** | **कार्यों की प्रकृति (विस्तार से)** |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 8. | वर्तमान रोजगार की प्रकृति अर्थात तदर्थ या अस्थायी या अर्ध-स्थायी या स्थायी | |
| 9.<br><br><br><br>i.<br><br>ii.<br><br><br>iii. | यदि वर्तमान रोजगार प्रतिनियुक्ति / संविदा के आधार पर धारित है, तो कृपया बताएं :-<br>प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख<br><br>प्रतिनियुक्ति / संविदा पर नियुक्ति की अवधि<br>मूल कार्यालय / संगठन का नाम, जिससे आप संबंधित हैं। | |
| 10. | वर्तमान रोजगार के बारे में अतिरिक्त विवरण<br>कृपया बताएं कि आप कहां कार्य कर रहे हैं (संबंधित कॉलम के लिए अपने नियोक्ता का नाम बताएं)<br>(क) केन्द्र सरकार<br>(ख) राज्य सरकार<br>(ग) स्वायत्त संगठन | |

| | | |
|---|---|---|
| | (घ) सरकारी उपक्रम<br>(ड) विश्वविद्यालय<br>(च) अन्य | |
| 11. | कृपया बताएं कि क्या आप उसी विभाग में काम कर रहे हैं या फीडर ग्रेड में हैं या फीडर से फीडर ग्रेड में हैं | |
| 12. | क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हां, तो वह तिथि बताएं जब से संशोधन हुआ था और पूर्व-संशोधित वेतनमान को भी बताएं। | |
| 13. | इस समय प्रति माह कुल परिलब्धियों का आहरण | |
| 14. | अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो, जिसका आप पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में उल्लेख करना चाहेंगे<br><br>(अन्य बातों के अलावा निम्नलिखित के बारे में सूचना उपलब्ध कराएं :<br>(i) अतिरिक्त शैक्षिक योग्यता<br>(ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण और<br>(iii) रिक्ति परिपत्र / विज्ञापन में निर्धारित और उससे अधिक के कार्य अनुभव के संबंध में जानकारी प्रदान कर सकते हैं)<br>(नोट: यदि स्थान अपर्याप्त है तो एक अलग शीट संलग्न करें) | |
| 15. | कृपया बताएं कि क्या आप प्रतिनियुक्ति (आईएसटीसी)/ आमेलन/ पुन: रोजगार के लिए आवेदन कर रहे हैं। (केन्द्र/ राज्य सरकार के अधीन अधिकारी केवल "आमेलन" के लिए पात्र हैं। गैर-सरकारी संगठनों के उम्मीदवार | |

| | | |
|---|---|---|
| | केवल अल्पकालिक संविदा के पात्र हैं) | |
| 16. | क्या आप अनु.जाति / अनु.जनजाति से संबंधित हैं | |
| 17. | टिप्पणी (उम्मीदवार (i) अनुसंधान प्रकाशनों और रिपोर्टों और विशेष परियोजनाओं (ii) वार्ड / छात्रवृत्ति / आधिकारिक प्रशंसा (iii) व्यावसायिक निकायों / संस्थानों / सोसायटी से संबद्धता और (iv) कोई अन्य जानकारी। (नोट: यदि स्थान अपर्याप्त है तो एक अलग शीट संलग्न करें) | |

मैंने रिक्ति परिपत्र / विज्ञापन ध्यान से पढ़ा है और मुझे अच्छी तरह से पता है कि मेरे द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों द्वारा विधिवत समर्थित बायोडेटा का आकलन पद के लिए चयन के समय चयन समिति द्वारा भी किया जाएगा।

तारीख ___________________

**प्रत्याशी के हस्ताक्षर**

**पता:** ____________________

____________________

____________________

**दूरभाष:** ____________________

**ई-मेल** ____________________

**प्रतिहस्ताक्षरित**

__________________________

__________________________

**(नियोक्ता की मुहर)**